हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

प्रत्येक मतदान केंद्र पर 7 से 9 अक्टूबर तक विशेष कैंप, नए एवं छूटे मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे

मण्डला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश श्री संजीव झा द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग में निर्देशित किया गया कि समस्त जिलों के प्रत्येक मतदान केंद्र पर 7, 8 एवं 9 अक्टूबर 2026 को विशेष कैंप आयोजित किए जाएं। इन कैंपों के माध्यम से नए पात्र मतदाताओं तथा मतदाता सूची में नाम जुड़ने से छूटे पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। निर्देशों के तहत जिले में प्रत्येक मतदान केंद्र पर विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। निर्देशों के तहत पात्र मतदाताओं को जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन कराने तथा संबंधित ऐप के माध्यम से आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया। नवीन मतदाता पंजीयन के लिए विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए। जिले में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विशेष कैंपों के आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

महेंद्र चौरसिया का निधन, अंतिम संस्कार आज

भुआबिछिया। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक जतीपुर निवासी सुरेंद्र चौरसिया के अनुज पूर्व पार्षद महेंद्र चौरसिया उर्म 61 वर्ष का कल अचानक स्वस्थ बिगड़ने पर जबलपुर ले जाते समय निधन हो गया अंतिम संस्कार 7 अक्टूबर बुधवार को स्थानीय मुक्ति धाम में किया जाएगा।

योजनाओं की जानकारी नहीं देने का आरोप-कलेक्टर से जांच की मांग

विकास के नाम पर खर्च, जमीन पर सुविधाएं गायब?

*** निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी, राशि का नहीं देते कोई हिसाब-किताब।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला





ग्राम पंचायत पटपर सिंगारपुर के सेहराटोला में विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों की नाराजगी अब शिकायत के रूप में प्रशासन तक पहुंच गई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर मंडला को शिकायत देकर पंचायत में कराए गए निर्माण कार्यों, शासकीय राशि के उपयोग, कार्यों की गुणवत्ता तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों के आरोपों ने पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी और पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में विकास कार्य तो कराए जा रहे हैं, लेकिन उनकी गुणवत्ता और वास्तविक उपयोगिता को लेकर सवाल हैं। उनका कहना है कि यदि पंचायत में स्वीकृत कार्यों, खर्च की गई राशि और मौके पर हुए निर्माण का भौतिक सत्यापन कराया जाए तो स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ग्रामीणों ने पूर्व एवं वर्तमान निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच कराने की मांग की है।

सड़क के अभाव में ग्रामीण परेशान

सेहराटोला के ग्रामीणों के अनुसार गांव में सड़क और नाली जैसी बुनियादी सुविधाओं का अब भी अभाव है। बारिश के दिनों में रास्तों पर कीचड़ जमा हो जाता है, जिससे बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती है। गंभीर स्थिति तब बनती है जब किसी ग्रामीण को उपचार के लिए अस्पताल ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि खराब रास्तों के कारण वाहन कई बार घर तक नहीं पहुंच पाते। उन्होंने पक्की सड़क और नाली निर्माण की मांग की है।

पेयजल व्यवस्था पर भी सवाल

ग्रामीणों ने सेहराटोला की पेयजल व्यवस्था को लेकर भी पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि मोहल्ले में पर्याप्त पेयजल सुविधा नहीं है और हैंडपंप तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। ऐसे में ग्रामीणों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने स्थायी पेयजल व्यवस्था एवं आवश्यक जलस्रोत उपलब्ध कराने की मांग की है।

टूटी पुलिया बनी आवागमन की बाधा

ग्राम खैरी और सेहराटोला के बीच नाले पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त होने का मामला भी शिकायत में प्रमुखता से उठाया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक पुलिया की खराब स्थिति से आवागमन प्रभावित है। उनका आरोप है कि समस्या सामने होने के बावजूद इसके पुनर्निर्माण की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है।

योजनाओं की जानकारी नहीं मिलने का आरोप

ग्रामीणों ने पंचायत क्षेत्र में शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर भी सवाल उठाए हैं। आरोप है कि पात्र ग्रामीणों को समय पर योजनाओं की जानकारी नहीं मिलती। योजनाओं के संबंध में मुनादी एवं सार्वजनिक सूचना की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से जरूरतमंद हितग्राही लाभ से वंचित हो सकते हैं। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर योजनाओं की पात्रता, स्वीकृति और लाभार्थियों की पारदर्शी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है।

ग्रामसभा और खर्च की जानकारी पर भी सवाल

शिकायत में ग्रामसभा की बैठकों और पंचायत के वित्तीय कार्यों को लेकर भी आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामसभा में पंचायत के विकास कार्यों और खर्च की जानकारी स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जानी चाहिए। निर्माण कार्यों में कितनी राशि स्वीकृत हुई, कितना भुगतान हुआ और मौके पर कितना कार्य हुआ—इन बिंदुओं पर पारदर्शिता जरूरी है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर संदेह है तथा घटिया सामग्री के इस्तेमाल की आशंका है। उन्होंने मांग की है कि प्रत्येक निर्माण कार्य का मौके पर भौतिक सत्यापन, स्वीकृत राशि, तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका, बिल-वाउचर, भुगतान विवरण और कार्य की वास्तविक गुणवत्ता की जांच कराई जाए।

जांच से सामने आएगी हकीकत

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के कार्यों की निष्पक्ष जांच होने पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि स्वीकृत राशि के अनुरूप वास्तविक कार्य हुआ है या नहीं। उन्होंने कलेक्टर से स्वतंत्र जांच दल गठित कर पंचायत के पूर्व एवं वर्तमान निर्माण कार्यों की जांच कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि जांच में यदि किसी प्रकार की वित्तीय या प्रशासनिक अनियमितता प्रमाणित होती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही सेहराटोला की सड़क, पेयजल और पुलिया जैसी मूलभूत समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जाए। अब ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासनिक जांच होती है या मामला केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहता है, इस पर क्षेत्रवासियों की नजर है।

ज्ञानदीप परिसर में होगा संस्कार गरबा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

नवरात्र पर्व पर गरबा एक विशेष आकर्षण होता है विशेष रूप से युवा इसके लिये ज्यादा उत्साहित रहते हैं युवाओं के साथ-साथ महिलायें भी इसे शक्ति की भक्ति का माध्यम मानते हुये नृत्य करती हैं विभिन्न संस्थाओं के द्वारा नगर में गरबा के आयोजन होते हैं पिछले कुछ वर्षों से इन आयोजनों की दशा और दिशा में काफी परिवर्तन आया है गरबा जैसे शक्ति की आराधना का माध्यम मानते हैं लेकिन बहुत से आयोजनों में गरबा सिर्फ और सिर्फ मनोरजंन का केन्द्र बनकर रह जाते हैं। व्यवसायिकता की इस दौड़ में ग्लैमर भी गरबा में नजर आता है और कहीं-कहीं अनदेखी के चलते संस्कृति को छोड़कर हम कुछ और ही प्रदर्शित करने लग जाते हैं इसी विडम्बना को देखते हुये ही राष्ट्र सेविका समिति पिछले कुछ वर्षों से संस्कार गरबा उत्सव का आयोजन कर रही है जहां पर पारिवारिक वातावरण में भारतीय संस्कृति को आत्मसात करते हुये गरबा का आयोजन किया जा रहा है गरबा के साथ-साथ तलवार रास भी बच्चियों को सिखाया जाता है इसके साथ-साथ लेजिम नृत्य का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है इस आयोजन में भक्ति नृत्य और संस्कृति का अनोखा संगम नजर आता है इस गरबा का प्रशिक्षण 01 अक्टूबर से ज्ञानदीप स्कूल परिसर में प्रारंभ है गरबा का अभ्यास शाम 04:30 बजे से 06:00 बजे तक निश्चित किया गया है गरबा उत्सव का प्रमुख आकर्षण 16 एवं 17 अक्टूबर को शाम 06:00 बजे आयोजित कार्यक्रम में नजर आयेगा।



मनाया गया किशोर स्वास्थ्य दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

दिनांक 05/10/2026 को विकासखण्ड मंडला एवं निवास विकासखण्ड शासकीय संदीपनी विद्यालय सागर किशोर स्वास्थ्य दिवसस्र का आयोजन किया गया जिसमे नारायण प्रसाद साहू (सांसद प्रतिनिधि जनजातीय कार्य विभाग), प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक स्टाफ उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग दल (RBSK) डॉ. सविता श्याम मैडम, डॉ. टी. एल. झारिया, मनकक्ष विभाग श्रीमती पारुल अवधिया (नर्सिंग स्टाफ-DH), ANM, CHO, आशा सहयोगी, आशा ,PC सौरभ दुबे एवं उमंग काउंसलर अंजुम निशा उपस्थित थे। विकासखंण्ड निवास के शासकीय संदीपनी विद्यालय हाथीतारा में आयोजन किया गया जिसमे CHO, ANM, RBSK टीम, RKSK काउंसलर विवेक धर द्विवेदी एवं मास्टर ट्रेनर के द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को बिना झिझक काउंसलर एवं स्वास्थ्यकर्मियों से साझा करने के लिए प्रेरित किया गया एवं उमंग स्वास्थ्य केन्द्र, उमंग हेल्पलाइन 14425, मन कक्ष, मनहित ऐप, Just Ask Chat boot एवं Tele-MANAS हेल्पलाइन 14416 के बारे में जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री धोटे ने जनसुनवाई में सुनीं आमजनों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



जिला योजना भवन में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने 114 नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री धोटे ने जनसुनवाई में पहुँचे प्रत्येक आवेदक की समस्या को विस्तार से सुना और उनकी शिकायतों का न्यायोचित समाधान करने की बात कही।

कलेक्टर श्री धोटे ने जनसुनवाई में मौके पर मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में दूरस्थ तहसीलों से आए आवेदकों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर श्री धोटे ने संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की और उन्हें शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया।

जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती नदीमा शिरी, एसडीएम मण्डला श्री शैलेंद्र चौधरी, डिप्टी कलेक्टर श्री सचिन जैन, श्री राजेश कौशिक, सुश्री रेखा देशमुख सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

एसडीएम ने पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान एवं गौशाला का किया निरीक्षण

मण्डला। अनुविभागीय अधिकारी मंडला शैलेंद्र चौधरी द्वारा सोमवार को पशुपालन विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य स्तरीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, ग्राम गाजीपुर तथा ग्राम आमानाला स्थित गौशाला का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। ग्राम गाजीपुर स्थित राज्य स्तरीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के निरीक्षण के दौरान श्री चौधरी ने संस्थान में संचालित प्रशिक्षण गतिविधियों एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से संस्थान की गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात ग्राम आमानाला स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में पशुओं के रख-रखाव, उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित समाजसेवियों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उप संचालक पशुपालन उग्रसेन तिवारी सहित पशुपालन विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

*** संभागीय बैठक आयोजित कराने का निर्णय।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



विगत दिवस माहिष्मति घाट मंडला के गोंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की जिला शाखा मंडला की बैठक जिला शाखा अध्यक्ष बी के राय की अध्यक्षता में तथा हरि राम कछवाहा, डॉक्टर ओ पी तपा, प्रेमनारायण वारेश्वा, प्रकाश उईके सुनुआ भलावी के आथित्य में आयोजित की गई। प्रारंभ में नवागत पेंशनर्स का स्वागत व सम्मान तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर,शाल व पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रकाश सिंह उइके, उ श्रे शिक्षक, प्रेम नारायण वारेश्वा, प्राचार्य, सुनवा सिंह भलावी रि. नायब तहसीलदार, तथा वन विभाग से शिवचरण झरिया का सम्मान किया गया। प्रांतीय अधिवेशन अनूपपुर में गए प्रतिनिधियों का पुष्पहारों से सम्मान किया गया। नवपदस्थ प्रांतीय पदाधिकारियों का तिलक लगाकर माल्यार्पण कर सम्मान किया गया, जिसमें सर्व बी के राय वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष, मंगल दास टांडिया प्रांतीय सचिव, एन के शुक्ला प्रांतीय उपाध्यक्ष, एस के पटेल प्रांतीय प्रचार मंत्री, आर के एस चौहान प्रांतीय संयुक्त सचिव, मांगन लाल यादव प्रांतीय संगठन मंत्री, राकेश दीक्षित प्रांतीय सह सचिव, सुरेश कुमार चौधरी को प्रांतीय संगठन मंत्री बनाया गया है। एक प्रस्ताव पारित करते हुए सर्वसम्मति से मंडला में संभागीय बैठक आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। शेष ब्लॉक शाखाओं के गठन एवं सदस्यता वृद्धि पर चर्चा हुई। जिला शाखा अध्यक्ष बी के राय ने 25.09.2026 को गिरते पानी में ज्ञापन कार्यक्रम में शामिल होने वाले सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। प्रांतीय अधिवेशन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रेमनारायण वारेश्वा को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मान किया गया व नियुक्ति पत्र सोंपा गया। बैठक को बी के राय, मंगल दास टांडिया, डा. ओ पी तपा, हरि राम कछवाहा ने संबोधित किया। बैठक का संचालन राजेश गौतम ने किया। अंत में वरिष्ठ पेंशनर सदस्य मदन मोहन राय के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उपलब्धि | **'मालवा नृत्य महोत्सव' एवं 'सबसे कम उम्र की गुरु' अवार्ड से हुईं सम्मानित।**

सौम्या खरे ने मालवा नृत्य महोत्सव में रचा इतिहास

*** 500 प्रतिभागियों को पछाड़कर हासिल किया प्रथम स्थान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला





इंदौर में 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित चार दिवसीय ऑल इंडिया 23वें कल्चरल नेशनल डांस कॉन्टेस्ट एवं फेस्टिवल 'मालवा नृत्य महोत्सव 2026' में मंडला की बेटी सौम्या खरे ने शानदार उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। अखिल नटराजम अंतर सांस्कृतिक संघ के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के महोत्सव में 15 कैटेगरी में करीब 2000 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया।

20 वर्षीय सौम्या खरे ने सेमी-क्लासिकल नृत्य की प्रतिस्पर्धा में करीब 500 प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी प्रभावशाली नृत्य प्रस्तुति और प्रतिभा के लिए उन्हें 'मालवा नृत्य महोत्सव अवार्ड' के साथ-साथ 'सबसे कम उम्र की गुरु अवार्ड' से भी सम्मानित किया गया। इतनी कम उम्र में गुरु के रूप में सम्मान मिलना सौम्या की नृत्य साधना और प्रतिभा की विशेष उपलब्धि मानी जा रही है।

सौम्या खरे मंडला के पुनीत मोहन खरे एवं श्रीमती सपना खरे की बेटी हैं। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल करने के साथ दो प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करना न केवल सौम्या और उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे मंडला जिले के लिए गौरव का विषय है।

मालवा नृत्य महोत्सव में भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, रवीन्द्र नाट्यम, आंध्रनाट्यम, पेरिनी नाट्यम, सत्तरिया, मणिपुरी, सेमी-क्लासिकल, भारतीय लोक नृत्य, बॉलीवुड, हिप-हॉप और कंटेम्परेरी सहित 15 नृत्य विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। देशभर से पहुंचे लगभग 2000 प्रतिभागियों ने चार दिनों तक अपनी कला और सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सौम्या खरे की यह उपलब्धि मंडला की युवा नृत्य प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायी है। राष्ट्रीय स्तर पर सेमी-क्लासिकल नृत्य में प्रथम स्थान और सबसे कम उम्र की गुरु का सम्मान प्राप्त कर सौम्या ने अपनी कला के साथ मंडला की सांस्कृतिक पहचान को भी गौरवान्वित किया है।

इनर व्हील क्लब ने वृद्धाश्रम में किया सेवा कार्य

*** बुजुर्गों को वितरित किए दोहर और हाइजीन किट।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



इनर व्हील क्लब मंडला द्वारा 05 अक्टूबर को वृद्धाश्रम में सेवा कार्य आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब की ओर से वृद्धाश्रम में निवासरत सभी बुजुर्गों को दोहर वितरित की गईं। साथ ही उनकी दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हाइजीन किट का भी वितरण किया गया।

सेवा कार्य के अंतर्गत बुजुर्गों के लिए मेडिकल किट भी उपलब्ध कराई गई। इस किट में च्यवनप्राश का डिब्बा, विक्स, बाम एवं दर्द निवारक तेल शामिल था। यह मेडिकल किट पूर्णिमा वरुण अग्रवाल के सौजन्य से इनर व्हील क्लब के माध्यम से प्रदान की गई। कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था सीमा ज्योतिषी द्वारा तथा शाम के नाश्ते की व्यवस्था सरिता इसरानी एवं आरती बृजपुरिया द्वारा की गई।

इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष अनीता गोयल ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके साथ समय बिताना, उनकी जरूरतों को समझना और यथासंभव सहयोग करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। क्लब द्वारा आगे भी वृद्धजनों की सेवा एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए इस तरह के सेवा कार्य निरंतर किए जाएंगे।

कार्यक्रम में अध्यक्ष अनीता गोयल, सचिव सरिता इसरानी, अनुराधा चौरसिया, सीमा ज्योतिषी एवं आरती बृजपुरिया सहित क्लब की सदस्य उपस्थित रहीं। सेवा कार्य के दौरान वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने क्लब सदस्यों को शुभ आशीर्वाद दिया और सेवा भावना के लिए आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

गांवों में लकड़ी के भरोसे चल रही बिजली व्यवस्था बनती है घटनाओं का कारण...

हरिभूमि न्यूज/ चीचली। जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र के किसानों से बिजली बिलों की बसूली को लेकर तो अपना पूरा जोश लगाया जा रहा है, मगर वही दूसरी ओर क्षेत्र के फैली बिजली लाईनों के सुधार कार्य से लेकर उनके रख रखाब में इस प्रकार की उदासीनता बरती जाती है कि जहां तहां झूलते हुए बिजली तारों से निकलने वाली आग की चिंगारियों से किसानों के खेतों में जहां खड़ी हुई फसले जलकर खाक हो जाती है या फिर बिजली से लगने वाले करेन्ट के कारण लोगों को बेमौत काल के गाल में समाने के लिए मजबूर होना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखने मिल रही है जहां पर बिजली विभाग के उदासीनता के चलते मुख्य मार्गो पर झूलते हुए बिजली तारों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि कभी भी कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? बताया जाता है कि क्षेत्र के किसानों द्वारा अपनी सुरक्षा के लिए अपने स्तर पर लकड़ी के खम्बा लगाते हुए व्यवसथा बनाई गई है जिसके चलते क्षेत्र की बिजली सिर्फ लकड़ी के खम्बों भरोसे चलते हुए जान पड़ रही है? इस बात की सच्चाई इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में देखने मिल रही है जहां पर बताया जाता है कि किसानों के लिए बनी हुई सार्वजनिक रास्ते के ऊपर बिजली तार इस प्रकार से झूलते हुए नजर आ रहे है कि उन तारों से कभी भी कोई वाहन टकरा सकता है, इस बात की जानकारी बिजली विभाग के बड़े अधिकारियों से लेकर छोटे कर्मचारियों को होने के बाद भी किसी भी प्रकार का सुधार नही किये जाने से इस बात का अंदेशा लग रहा है कि शायद बिजली विभगा के अधिकारी क्षेत्र में कोई बड़ी घटना घटित होने का इंतजार कर रहे है?

ग्रामीण क्षेत्रो में निर्धारित समय पर खोली जाए उचित मूल्य की दुकानें

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शासन द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए उन्हें सस्ता राशन उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे सार्वजानिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित सस्ते राशन की दुकानों से हालॉकि सरकार की मंशानुरूप गेहू, कैरोसिन, चॉवल और शक्कर का वितरण किया जा रहा है। वही सरकार के आदेश अनुसार कुछ महिनों तक पर्ची धारकों के लिये निःशुल्क राशन भी वितरण किया जा रहा है। किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में नीले, पीले कार्डधारियों की शिकायत है कि उचित मूल्य की कई दुकानें ऐसी है जो समय के साथ निश्चत तिथि पर नही खुलने के कारण लोगो का समय व्यर्थ बर्बाद हो रहा है। इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है, जहां पर विगत लम्बे समय से लोगों को अनाज नही मिल पाया है? बताया जाता है जिस सहकारी दुकान से चार पांच गांव जुड़े है और विलम्ब से उसके खुलने की स्थिति मे वहॉ उपभोक्ताओं की भीड़ जुट जाती है और महिलाओं को खासकर इन दुकानो से सामान लेने मे परेशान होना पड़ता है? ज्ञातव्य है कि आने वाले और तेज ठंड के मौसम का ध्यान रखते हुए सहकारी दुकानों से गरीबों, अतिगरीबो राशन कार्ड धारियों को खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा, लिहाजा जरूरी है कि ग्रामीण क्षेत्रों की सहकारी दुकाने निर्धारित समय पर खुलें ताकि नागरिको को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

वर्षों पुरानी बिजली लाईनों के भरोसे चल रही अटल ज्योति योजना से परेशान हो रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज/ पलोहा बड़ा। जिस प्रकार से शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा 24 घंटे बिजली देने की बात कहते हुए अटल ज्योति योजना का शुभारंभ किया गया था जिसके चलते जहां लोगों में खुशी देखने मिल रही थी, मगर यह योजना इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में जिस प्रकार से वर्षो पुरानी बिजली लाईनों में चलते हुए देखी जा रही है उसके चलते ग्रामवासियों को सिर्फ परेशानी ही नही बल्कि इस योजना के तहत 24 घंटे बिजली मिल पाना मुश्किल हो रहा है..? बताया जाता है कि इस योजना के तहत जिस प्रकार से सिंचाई हेतु अलग वह घरेलू उपयोग हेतु अलग अलग बिजली लाईनों का विस्तार करने के लिए निजी कंपनियों को ठेका देते हुए कार्य कराया गया था। मगर बिजली लाईनों का निर्माण करने वाले ठेकेदारों द्वारा पुराने ही बिजली तारों के माध्यम ही इस योजना को स्वरूप बदते हुए कम बोल्टेज वाले तारों पर हाई बोल्टेज की सप्लाई कर दी गई है जिसके चलते स्थिति इस प्रकार से निर्मित होते हुए देखी जा रही है कि वर्षो पुराने यह तार जहां हाई बोल्टेज को सहन नही कर पा रहा है, क्योंकि पहले ही लो वोल्टेज में आये दिन टूटते हुए देखे जाते थे।

असुरक्षित तरीके से खड़े हुये मोबाईल टावर बन सकते हैं किसी दिन बड़ी घटना का कारण सुरक्षा के प्रबंध नहीं होने से आये दिन तत्व चढ़कर पैदा कर देते है सनसनी का माहौल...






हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां एक ओर इस समय लोगों में अनेक प्रकार की नई नई बीमारी आये दिन जकड़ते हुए देखी जा रही है, उसका प्रमुख कारण यह माना जाता है कि लगातार बढ़ रही भौतिक बादी सुविधाओं की प्रमुख देन है। क्योंकि जहां लोगों द्वारा खान पान का ध्यान नही रखा जा रहा है। वही दूसरी ओर आमजन के लिए सुविधा जनक माने जाने वाले साधनों से पैदा होने वाली तरंगे भी बीमारियों का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रही है? वही दूसरी ओर बताया जाता है कि जिस प्रकार से शहरों में रहवासी क्षेत्रों में जो मोबाईल टाबरों की स्थापना हो रही है जो कही न कही अनेक प्रकार की बीमारियों को बढ़ावा देने में प्रमुख रूप से सामने आने से नही चूक पा रही है? विशेषज्ञो के अनुसार सेल फोन टॉवरों से भी मानव शरीर को विशेष दुष्प्रभाव पड़ता है, जिसे ध्यान में रखते हुए शायद पूर्व में मा. न्यायलय द्वारा इन्हे स्थापित करने के लिए निर्धारित मापदंडों का पालन करने का आदेश दिया गया था। मगर शायद ही उस आदेश का कही पालन होते हुए दिखाई दे रहा हो...? क्योंकि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किये गये अनेक टावरों की सच्चाई इस प्रकार से बनी हुई है कि जहां इन टाबरों में रात के समय लाल सिंग्नल ही नजर नही आ रहे है तो वही दूसरी संबंधित द्वारा न इन टावरों को रख रखाब किया जा रहा है और नही ही इनकी पुताई की जाती है जा रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि संबंधित विभाग द्वारा इन टाबरों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार से कोई प्रबंध नही किये जाने के कारण लोग इन पर चढ़कर आंतक मचाते हुये भी देखे जाने लगे है...? जिसकी सच्चाई बीते हुये वर्ष गाडरवारा व सांईखेड़ा व डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम पपरा के बाद समीपस्थ ग्राम गोटीटोरिया में भी देखने मिल चुकी है। जबकि नियम के अनुसार इन टाबरों की सुरक्षा के लिये संबंधित कंपनी के द्वारा चौकीदार नियुक्त होता है तो दूसरी ओर ऊँचाई स्पष्ट करने के लिये सफेद व लाल रंग में पुताई करने का नियम होता है..? मगर शहर से लेकर गांव गांव स्थापित किये गये इन टाबरों में न तो कोई सुरक्षा कर्मी नजर आते है और न ही इनकी पुताई की जा रही है जिसके चलते लोगों को नजर ही नही आते है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि जहां तहां स्थापित होने वाले इन सेल टाबरों से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर नगरीय क्षेत्रों में सेल फोन टॉवर स्थापित करने के लिये म.प्र. मानव अधिकार आयोग ने कम से कम ऐसे भूखंडों का चयन करने को प्राथमिकता देने की अनुशंसा की गई है, जिनका आकार ढाई सौ फूट हो, इन भूखंडों पर सेल फोन टॉवर के लिये स्थापित की जाने वाली मशीनों और जनरेटर से 100 फूट की त्रिज्या में कोई भी रहवासी आवास न हो और टॉवर स्थापित करने के लिए जनरेटर की चिमनी की ऊंचाई न्यूनतम 30 फूट अथवा पास की ऊंचे आवासीय भवन से 20 फूट अधिक होना चाहिए? वही बताया जाता है कि पूर्व में ही इस संबंध में आयोग ने सिफारिश की गई थी कि ढाई हजार वर्ग फूट तक के आवासीय भूखंडों पर स्थापित टॉवर तत्काल हटाये जाने चाहिये तथा रिहायशी कॉलोनियों में मकानों की छात पर स्थापित टॉवरों से लोगों की जान और माल की क्षति का खतरा बना रहता है। इसलिए टॉवरों की ऊंचाई इतनी हो कि उनके गिरने से कोई जनहानि न हो साथ ही साथ टॉवर स्थापित किये जाने वाले स्थान को वायर फैसिंग और चार दीवारी बनाकर सुरक्षित रखा जाना चाहिये तथा विद्युत या डीजल जनरेटर से संचालित होने वाले टॉवरों में ध्वनि प्रदूषण न हो इसका विशेष ध्याान रखा जाना चाहिये? जानकारी के अनुसार आयोग की पहल पर शासन ने सेल फोन टॉवर से निकलने वाली विद्युत चुंबकीय विकिरणों के दुष्प्रभावों का अध्ययन करने के लिये विशेषज्ञों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ये विद्युत चुम्बकीय विकिरणें माताओ, गर्भस्था में शिशुओं ओर बालकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है? मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में निजी कंपनियों द्वारा अपनी मनमर्जी के अनुसार टाबर खड़े कर दिये गये है जहां पर लोग निवास करने के शिक्षण संस्थाओं के आलवा स्वास्थ्य केन्द्र भी मौजूद है। अनेक जगहों पर तो इस प्रकार से देखा जाता हे कि जहां पर सेल फोन टाबर लगे है उन्ही भवनों में स्कूल संचालित हो रहे है साथ ही साथ नगर में अनेक रहवासी इलाकों में टाबर खडे करने से आमजनों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रहे है? इस प्रकार से निर्धारित माप दंडो को दर किनार करते हुए शहर से लेकर गांवों में स्थापित किये गये टाबर अपनी सच्चाई खुद ही उजागर करने से नही चूक रहे है..? जिनका जहां दिन के समय कलर ही दिखाई न देता है और रात के समय लाल सिंग्नल तक गायब रहता है। वही दूसरी ओर टाबरों के पास किसी भी प्रकार से कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद न रहने के कारण आये दिन लोग इन टाबरों पर चढ़कर हंगामा खड़ा करने से भी नही चूक रहे है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते लोगों में अनेक प्रकार की बीमारियाँ होने की संभावना के साथ साथ बगैर सिंग्नल वाले टाबरों से किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? जहां तहां स्थापित हो रहे टाबरों को लेकर लोगों का कहना है कि निजी कंपनियों द्वारा आम लोगों को जरा से धन का प्रलोभन देते हुए उनके भवनों पर टाबर खडा करने के लिए तैयार तो कर लेते है, मगर वह मकान मालिक जरा से धन के लालच में आकर अपने भविष्य को दाब पर लगाने से भी नही चूक रहे है।

निर्माणाधीन शुगर मिल से गिरकर हुई श्रमिक की मौत



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। मंगलवार को सुबह 11 बजे के लगभग समीपस्थ ग्राम मडगुला के पास निर्माणाधीन शुगर मिल में रोज की तरह कल भी ग्राम आमगांव छोटा निवासी पुष्पेन्द्र उर्फ राजू लोधी उम्र 32 वर्ष काम करने के लिये आया हुआ था। इस तरह निर्माणाधीन इस शुगर मिल पर जब राजू लगभग चालीस फीट ऊंचाई पर कोई कार्य करने के लिये उसका बेलेन्स बिगड़ जाने के चलते वह नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इस तरह घटित हुई घटना के चलते श्रमिक के साथियों ने तुरंत घायल राजू को शासकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वही जब घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को लगी तो गाडरवारा शासकीय चिकित्सालय में लोगो की भीड़ लगने से नही चूक पाई थी। वही दूसरी ओर मृतक के परिजनों द्वारा शुगर मिल प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाते हुये हंगामा खड़ा कर दिया गया। इस तरह कानून स्थिति बिगड़ते हुये जहां सांईखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची जो मृतक के परिजनों को समझाने में असफल नजर आने के चलते इसकी जिम्मेदारी गाडरवारा टीआई अशोक सिंह चौहान को सौपी गई। इस तरह टीआई चौहान द्वारा अपनी सूझ बूझ का परिचय देते हुये तुरंत मिल प्रबंधन सहित मृतक के परिजनों से चर्चा की गई। वही दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के समाज सेवी सुरेन्द्र पटैल मझले भैया ने शासकीय चिकित्सालय पहुंचकर मृतक के परिजनों से चर्चा करते हुये घटना पर दुख व्यक्त करते हुये उन्हें सात लाख की सहायता दिखाई गई। इस तरह मृतक के परिजनों को घटना के चलते आर्थिक मदद मिलने के बाद मामला शांत हुआ। वही घटना को लेकर सांईखेड़ा पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है।

श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन, श्रद्धालुओं को दिलाया संकल्प

गोवर्धन महिमा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश

गाडरवारा। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के मनोहारी प्रसंग और गोवर्धन पर्वत की महिमा के वर्णन से मंगलवार को माहेश्वरी भवन का वातावरण भक्तिमय हो गया। स्व. श्री बृजकिशोर श्रीवास्तव मालगुजार, खकरिया के पितृमोक्ष की कामना से उनके परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। कथा के पांचवें दिन निर्मोही पीठाधीश्वर, श्रीधाम वृंदावन के आचार्य श्री राधेय जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए गोवर्धन प्रसंग की आध्यात्मिक महत्ता बताई।

आचार्य श्री राधेय जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इनमें जीवन को सार्थक बनाने वाले गहरे संदेश निहित हैं। गोवर्धन पर्वत से जुड़े प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने प्रकृति के प्रति भारतीय संस्कृति की श्रद्धा और संवेदनशीलता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण और उसका सम्मान मानव जीवन का दायित्व है। कथा के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को जग कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया।



प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश

गोवर्धन प्रसंग को वर्तमान संदर्भों से जोड़ते हुए आचार्य श्री राधेय जी महाराज ने कहा कि पर्वत, नदियां, पेड़-पौधे और समस्त जीव-जगत प्रकृति का अभिन्न हिस्सा हैं। भारतीय परंपरा में प्रकृति को पूजनीय मानकर उसके संरक्षण की भावना विकसित की गई है। वर्तमान समय में पर्यावरण असंतुलन की चुनौती को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। इसी उद्देश्य से कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं लोककल्याण का संकल्प लिया।

कृष्ण की बाल लीलाओं ने बांधा समां

कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, उनकी बाल सुलभ चंचलता, गोकुल की लीलाओं और भक्तों के प्रति उनकी करुणा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा प्रसंगों के दौरान श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। भजन और धार्मिक प्रसंगों के बीच पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा। आचार्य श्री राधेय जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को भक्ति के साथ-साथ सत्य, सदाचार, सेवा और परोपकार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

1 अक्टूबर को निकली थी कलश यात्रा

मां नर्मदा जी एवं श्री राधा-कृष्ण जी की कृपा तथा परम पूज्य गुरुदेव स्वामी के आशीर्वाद से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ 1 अक्टूबर को कलश यात्रा के साथ हुआ था। 2 से 8 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायंकाल तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन निर्मोही पीठाधीश्वर, श्रीधाम वृंदावन के आचार्य श्री राधेय जी महाराज कर रहे हैं। आयोजन में संरक्षक के रूप में श्री हनुमान जी महाराज एवं श्री श्री 1008 वीतराग तपोनिष्ठ महंत श्री रामखिलावन दास जी महाराज का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, संस्कार, सेवा और सामाजिक दायित्वों का संदेश दिया जा रहा है।

9 को पूर्णाहुति और भंडारा

श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन 9 अक्टूबर को पूर्णाहुति, श्राद्ध कार्यक्रम एवं भंडारा प्रसादी के साथ होगा। आयोजन को लेकर मालगुजार परिवार एवं आयोजन समिति द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। समस्त मालगुजार परिवार, खकरिया गाडरवारा ने धर्मप्रेमी बंधुओं से सपरिवार कथा स्थल पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

सांगई स्कूल में छात्र छात्राओं ने दिया ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांगई एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में बीते हुये दिवस राज्य शिक्षा केंद्र के आदेशानुसार ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्युत मंत्रालय भारत सरकार एवं ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के निर्देश पर ऊर्जा संरक्षण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन शाला स्तर पर किया गया। इस प्रतियोगिता हेतु कक्षा 5 व कक्षा 6 सहित कक्षा 7 वीं के छात्र छात्राओं को समूह क एवं कक्षा 8 वीं के छात्र छात्राओं को समूह ख में शामिल किया गया था। इस आयोजन में छात्र छात्राओं ने स्कूल और घर पर ऊर्जा बचाएं एवं ऊर्जा संरक्षण ऊर्जा सुरक्षा की कुंजी



है सहित अन्य विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञान वर्धक चित्र बनाकर उनका प्रदर्शन किया। प्रत्येक समूह से सर्वश्रेष्ठ 2 चित्रों का चयन किया गया जिनका पंजीयन पोर्टल पर करके उन्हें डाक से भोपाल कार्यालय भेजा जायेगा। आयोजन के मार्गदर्शी शिक्षक मधुसूदन पटेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण का महत्त्व बताया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने ऊर्जा बचाओ पृथ्वी बचाओ के नारे भी लगाये। वही अंत मे शिक्षकों द्वारा चित्रों का अवलोकन करते हुए 8 वी कक्षा के समूह से अंकिता धानक ने प्रथम, हेमंत केवट ने द्वितीय, अनामिका केवट व डीना केवट ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार से कक्षा 5 से कक्षा 7 वी वाले समूह से रोहणी केवट ने प्रथम, हंसराज केवट ने द्वितीय एवं तारा केवट व नर्मदा केवट ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में राज केवट, ऋषिका कहार, सौरभ केवट, जगदीश धानक, अनन्या धानक, मुनमुन केवट, रजनी केवट सहित अनेक लगभग 40 छात्र छात्राएँ सहभागी रहे। प्रतियोगिता के आयोजन में शाला स्टॉफ के सभी शिक्षकों ने सहयोग दिया। उल्लेखनीय है कि शाला स्तर के उपरांत यह प्रतियोगिता राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी आगामी तिथियों में आयोजित की जाएगी

चीचली में यू-डाइस पोर्टल का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज/चीचली। जनपद शिक्षा केंद्र चीचली में विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (**BPMU**) की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि इस बैठक में यू-डाईस पोर्टल से संबंधित विभिन्न कार्यों एवं आवश्यक प्रक्रियाओं को लेकर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में विकास खंड स्रोत समन्वयक डी.के. पटेल ने यू-डाईस से संबंधित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा पोर्टल पर जानकारी की शुद्धता सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गये। वही इस दौरान उन्होंने यू-डाईस पोर्टल पर दर्ज जानकारी को विद्यालय स्तर पर सावधानीपूर्वक सत्यापित करने और आवश्यकतानुसार अद्यतन करने पर जोर दिया। वही उन्होंने 31 जनवरी 2027 तक पाठ्यक्रम पूर्ण करने अपार आईडी एमबीयू पेंडिंग कार्य पूर्ण करने खाद्यान्न उठाव तथा पीएम पोषण आहार के आईवीआरएस दैनिक मैसेज से संबंधित निर्देश दिए। विकास खंड एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यू-डाईस पोर्टल की कार्यप्रणाली, आवश्यक प्रविष्टियों एवं संबंधित प्रक्रियाओं का चरणबद्ध प्रशिक्षण प्रदान किया। वही पोर्टल पर कार्य करते समय आवश्यक सावधानियों और डाटा की शुद्धता बनाए रखने की जानकारी भी दी। बैठक में विकास खंड स्तर पर यू-डाईस से संबंधित कार्यों को प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने को लेकर



चर्चा की गई। उल्लास नवभारत साक्षरता के समन्वयक लेखराम गौतम एवं सत्यम ताम्रकार ने बसाहटों में असाक्षरों के शत प्रतिशत सर्वे, सामाजिक चेतना के संचालन, आदर्श सामाजिक चेतना केंद्र में आवश्यक सामग्री की व्यवस्था, चेतना पंजी के सतत अद्यतन तथा अक्टूबर माह में होने वाले असाक्षरों के मूल्यांकन के लक्ष्य पर चर्चा की गई। वही प्रभारी एमआरसी अजय नामदेव द्वारा प्रशस्त एप के संबंध में बच्चों की स्क्रीनिंग से संबंधित सुझाव दिए। इस बैठक में एमआईएस कोआर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव, खुशबू ब्रिजपुरिया, नरेश मेहरा, सत्यम ताम्रकार, अजय नामदेव, प्रमोद साहू, संजय सोनी, ललित पाराशर, हरीश गुप्ता, अनूप पालीवाल, हेमंत पटेल, वीरेंद्र रघुवंशी, कपिल सोनी, कैलाश कहार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के वोकेशनल छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज/चीचली। स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के वोकेशनल शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को औद्योगिक कार्यप्रणाली एवं व्यावहारिक ज्ञान से परिचित कराने के उद्देश्य से लोक शिक्षण संचनालय समग्र शिक्षा नवीन व्यावसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत बीते हुये दिवस राजराजेश्वरी शुगर प्लांट तेंदूखेड़ा का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। बताया जाता है कि इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उद्योग में होने वाली विभिन्न गतिविधियों, कार्य प्रणाली, तकनीकी उपकरणों एवं उत्पादन प्रक्रिया को करीब से समझा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक कार्यक्षेत्र से जोड़ने का अवसर मिला। वही उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को कार्यस्थल की आवश्यक प्रक्रियाओं,



तकनीकी कौशल, सुरक्षा मानकों तथा रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। इस औद्योगिक भ्रमण के अवसर पर राजराजेश्वरी शुगर मिल के जनरल मैनेजर बृजेश सोलंकी तथा सुपरवाइजर बालकेश कौरव सहित टेक्निकल स्टाफ मनोज यादव,जयहिंद कौरव एवं नरेश कुशवाहा द्वारा प्लांट में शक्कर बनने की संपूर्ण प्रक्रिया के आलवा आईटी विभाग की भूमिका को समझाते हुए पूरे प्लांट का भ्रमण



कराया गया। वही आईटी विभाग के अंतर्गत शुगर प्लांट में उपयोग हो रहे सॉफ्टवेयर के बारे में छात्रों को जरूरी जानकारी प्रदान की गई। इस औद्योगिक भ्रमण में विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षक सरफराज मोहम्मद, दिनेश गर्ग के साथ शिक्षिका अंशुलता अग्रवाल, विद्यालय के व्यावसायिक प्रभारी सत्यम ताम्रकार ने सहयोग प्रदान किया। यह औद्योगिक भ्रमण जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के प्राचार्य भूपेश ठाकुर के निर्देशन में संपन्न हुआ।

खबर संक्षेप

पितृ पक्ष इंद्रा एकादशी पर मुक्तिधाम में पीपल पौधे का रोपण



शहपुरा। पितृ पक्ष की इंद्रा एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार को शहपुरा स्थित मुक्तिधाम परिसर में पीपल के पौधे का विधिवत रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पीपल के वृक्ष के धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में पीपल के वृक्ष को विशेष महत्व प्राप्त है। इसके साथ ही पीपल वृक्ष पर्यावरण के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। वक्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। पितृ पक्ष के अवसर पर मुक्तिधाम परिसर में पीपल का पौधा रोपित करते हुए उपस्थित लोगों ने इसे पितरों की स्मृति एवं पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए पौधे के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शहपुरा नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश साहू, अरविंद साहू, संदीप गौलिया, अरविंद रजक, मधुर गुप्ता, देवेंद्र बनवासी, गगन साहू, सुभाष वरमैया, राजेंद्र अग्रवाल, अमि बर्मन, दीपक विश्वकर्मा, रवि गोस्वामी, गुरु चक्रवर्ती एवं मंजा साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान अचानक बेहोश हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जबलपुर में इलाज के दौरान मौत



अमरपुर। महिला एवं बाल विकास परियोजना अमरपुर के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रसमनापुर-1 में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुशीला बाई धुर्वे का जबलपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं में शोक की लहर है।जानकारी के अनुसार, सुशीला बाई अमरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित बैठक में शामिल हुई थीं। इसके बाद परियोजना कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गईं। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल उपचार के लिए डिंडोरी रेफर किया गया। डिंडोरी से चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए उन्हें जबलपुर भेज दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सुशीला बाई के निधन पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर विभागीय दायित्वों के साथ विभिन्न कार्यों का लगातार दबाव बढ़ रहा है। समग्र आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, सर्वे, फोटो, पोषण संबंधी गतिविधियों सहित अन्य विभागीय कार्यों को समय पर पूरा करने का दबाव बना रहता है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि बैठकों के दौरान निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए दबाव और कार्रवाई की चेतावनी दिए जाने से मानसिक तनाव की स्थिति भी बनी रहती है। उन्होंने सुशीला बाई के निधन को अत्यंत दुखद बताते हुए विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यभार और मानसिक दबाव की स्थिति पर गंभीरता से विचार करने की मांग की है।

कर वसूली और संपत्ति अभिलेखीकरण को लेकर मुख्य बाजार में सर्वे, मौके पर हुई नाप-जोख

टीन शेड लगाकर कारोबार करने वाले व्यापारियों पर नगर परिषद की नजर

डिंडौरी। नगर परिषद डिंडौरी ने नगरीय क्षेत्र की राजस्व व्यवस्था को दुरुस्त करने और संपत्तियों के अभिलेख अद्यतन करने की दिशा में कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर नगर परिषद द्वारा मुख्य बाजार सहित प्रमुख मार्गों पर संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सर्वे एवं भौतिक सत्यापन शुरू किया गया है। इसी क्रम में टीन शेड और अन्य अस्थायी संरचनाओं के माध्यम से व्यवसाय संचालित करने वाले प्रतिष्ठानों की मौके पर नाप-जोख कराई जा रही है।





मुख्य बाजार क्षेत्र में कई व्यापारियों द्वारा दुकानों के सामने अथवा व्यावसायिक परिसर में टीन शेड सहित अन्य अस्थायी संरचनाएं लगाकर व्यवसाय किया जा रहा है। नगर परिषद का अमला अब ऐसी संरचनाओं और व्यावसायिक उपयोग में लाई जा रही संपत्तियों की वास्तविक स्थिति का सत्यापन कर रहा है। राजस्व प्रभारी आशीष कोरी के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकानों एवं संबंधित परिसरों की नाप-जोख की। कार्रवाई के दौरान संबंधित वार्ड प्रभारी सहित नगर परिषद का अमला मौजूद रहा।

तीन दिन में अभिलेख दर्ज कराने के निर्देश

सर्वे के बाद संबंधित व्यापारियों को नगर परिषद की ओर से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस में नगर पालिका अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के तहत व्यावसायिक संपत्ति को नगर परिषद के अभिलेखों में दर्ज कराने तथा नियमानुसार देय करों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। व्यापारियों को यह भी बताया गया कि व्यावसायिक उपयोग में लाई जा रही संपत्ति का सही विवरण नगर परिषद के रिकॉर्ड में दर्ज होना आवश्यक है।

नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी

नगर परिषद ने संबंधित संपत्ति धारकों को निर्धारित अवधि में आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लंबित करों का नियमानुसार भुगतान करने को कहा गया है। निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 एवं लागू नियमों के तहत वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। परिस्थितियों एवं वैधानिक प्रावधानों के अनुसार व्यावसायिक प्रतिष्ठान को सील करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त करने पर जोर

नगर परिषद के अनुसार अभियान का उद्देश्य केवल कर वसूली करना नहीं, बल्कि नगरीय क्षेत्र में मौजूद कर योग्य संपत्तियों का वास्तविक सर्वे कर राजस्व अभिलेखों को व्यवस्थित और अद्यतन करना भी है। परिषद का मानना है कि सभी पात्र व्यावसायिक संपत्तियों को कर व्यवस्था के दायरे में लाने से कर प्रणाली में समानता और पारदर्शिता आएगी तथा नगर के विकास कार्यों के लिए आवश्यक राजस्व भी प्राप्त हो सकेगा।

अन्य वार्डों में भौतिक सत्यापन

मुख्य बाजार से शुरू किए गए इस अभियान का विस्तार नगर के अन्य वार्डों तक भी किए जाने की संभावना है। आगामी दिनों में अन्य क्षेत्रों में व्यावसायिक एवं कर योग्य संपत्तियों का भौतिक सत्यापन और नाप-जोख की जा सकती है। इसके माध्यम से नगर परिषद के अभिलेखों में दर्ज संपत्तियों और मौके पर मौजूद वास्तविक स्थिति के बीच अंतर को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं





डिंडौरी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए। निराकरण योग्य मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई के लिए समय-सीमा तय की गई।जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

विकासखंड करंजिया के ग्राम सुनपुरी रैयत के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि एवं स्कूल मैदान पर अतिक्रमण की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि खसरा नंबर 339 एवं 320 की कुल 2.55 हेक्टेयर भूमि के एक हिस्से में कुछ लोगों द्वारा मकान बनाकर निवास किया जा रहा है, जबकि शेष भूमि पर खेती की जा रही है। इससे स्कूली बच्चों के खेल मैदान तथा आमजन के आवागमन में परेशानी हो रही है। कलेक्टर ने एसडीएम बजाग को स्थल निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। डिंडौरी के वार्ड क्रमांक11, मंडलास्टैंड निवासी संतोष कुमार मरावी ने किराना दुकान में अचानक आग लगने से हुए नुकसान के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। कलेक्टर ने तहसीलदार डिंडौरी को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।ग्राम पंचायत नारायणडीह के सरपंच ने साप्ताहिक हाट बाजार के लिए शासकीय भूमि के खसरा नंबर 372, 373, 374, 376 एवं 377 का सीमांकन कराने का आवेदन दिया। वहीं ग्राम पंचायत गोरखपुर के ग्रामीणों ने शासकीय विद्यालय, तालाब, सार्वजनिक रंगमंच एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग रखी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दोनों मामलों में नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम टिकरिया माल, विकासखंड शहपुरा निवासी कन्याबाई व्यौहार ने सहायता के लिए आवेदन दिया। उनके पति स्व. विष्णु प्रसाद झारिया की नाले में मोटर लगाते समय आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। प्रकरण विद्युत विभाग के नियमानुसार सहायता की पात्रता में नहीं आने के बावजूद मानवीय संवेदनशीलता को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने अनुसूचित जाति आकस्मिक सहायता योजना के तहत कन्याबाई को 10 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके।

जनसुनवाई के साथ स्वास्थ्य जांच की सुविधा

जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य शिविर में नागरिकों का रक्तचाप, मधुमेह सहित आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नागरिकों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देने के साथ स्वस्थ जीवनशैली एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के संबंध में जानकारी दी। इससे जनसुनवाई में पहुंचे लोगों को एक ही स्थान पर प्रशासनिक समस्या के समाधान के साथ स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का भी लाभ मिला।

मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाने घर-घर सत्यापन अभियान शुरू

डिंडौरी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जिले में मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के लिए घर-घर सत्यापन अभियान शुरू कर दिया गया है। अभियान के तहत मतदाता सूची में चिन्हित 9,013 स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं का प्राथमिकता से सत्यापन किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) संबंधित मतदाताओं के घर पहुंचकर आवश्यक जानकारी जुटा रहे हैं।सत्यापन के दौरान स्थानांतरित अथवा अनुपस्थित मतदाताओं की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर नियमानुसार मतदाता सूची को अपडेट किया जाएगा। इसका उद्देश्य पात्र मतदाताओं के नाम सूची में बनाए रखने तथा अपात्र या स्थानांतरित मतदाताओं के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करना है।

701 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को सुगम बनाने के लिए जिले के सभी 701 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में नागरिक मतदाता सूची में अपने नाम की जांच करने के साथ नाम जोड़ने, संशोधन, स्थानांतरण सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए निर्धारित प्रपत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।07, 08 एवं 09 अक्टूबर 2026 को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। नागरिक इन शिविरों का लाभ उठाकर मतदाता सूची में अपने नाम और विवरण की जांच कर सकेंगे।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2027 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके लिए जिले के महाविद्यालयों एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र युवाओं को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी. यादव ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी नागरिक का नाम सूची में दर्ज नहीं है या नाम, पता, आयु सहित किसी विवरण में त्रुटि है, तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक सुधार एवं पंजीयन कराया जाए।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि एसआईआर के बाद घर-घर सत्यापन अभियान के माध्यम से 9,013 स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं का सत्यापन प्राथमिकता से किया जा रहा है। साथ ही मतदान केंद्रों के अलावा महाविद्यालयों और हायर सेकेंडरी स्कूलों में विशेष शिविर लगाकर पात्र युवाओं का मतदाता पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा।मतदान केंद्र क्रमांक 178, ग्राम पिंडरूखी में मतदाताओं के नाम जोड़ने सहित मतदाता सूची से संबंधित अन्य आवश्यक कार्य किए गए। मतदाताओं की सुविधा और सूची को अद्यतन करने के उद्देश्य से यहां भी 07, 08 एवं 09 अक्टूबर को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। पात्र नागरिक इन शिविरों में नाम जोड़ने और अन्य आवश्यक संशोधन के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर सकेंगे।कलेक्टर ने जिले के नागरिकों, विशेषकर युवाओं से विशेष शिविरों में पहुंचकर मतदाता सूची में अपने नाम की जांच करने और पात्रता होने पर मतदाता के रूप में पंजीयन कराने की अपील की है। उन्होंने बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों को सत्यापन कार्य गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ पूरा करने तथा पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पंचायत गुरैया के निर्माण कार्यों पर उठे सवाल, जनसुनवाई में जांच की मांग

डिंडोरी। शहपुरा जनपद क्षेत्र ग्राम पंचायत गुरैया में पिछले कुछ वर्षों के दौरान कराए गए विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्राम गुरैया निवासी सम्हर सिंह मसराम ने 06 अक्टूबर दिन मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डिंडौरी के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शहपुरा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत क्षेत्र में कराए गए निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

आवेदन में सरपंच, सचिव एवं संबंधित पंचायत कर्मियों पर कथित तौर पर घटिया एवं गुणवत्ताहीन कार्य कराने, फर्जी बिल-बाउचर के माध्यम से शासकीय राशि के दुरुपयोग तथा कुछ कार्यों को धरातल पर अनुपयोगी अथवा निर्धारित मापदंडों के विपरीत कराए जाने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।



अमृत सरोवर से लेकर गेवियान स्ट्रक्चर तक पर सवाल

शिकायतकर्ता ने आवेदन में अमृत सरोवर, गेवियन स्ट्रक्चर, पर्वत पिट, मिनी परकुलेशन टैंक सहित कई कार्यों का उल्लेख किया है। आवेदन के अनुसार अमृत सरोवर पर करीब 42.15 लाख रुपये, गेवियन स्ट्रक्चर पर करीब 4.80 लाख रुपये तथा अतिरिक्त 7.20 लाख रुपये, पर्वत पिट पर करीब 4 लाख रुपये और मिनी परकुलेशन टैंक पर करीब 12.40 लाख रुपये खर्च किए जाने का उल्लेख है।शिकायतकर्ता का आरोप है कि कुछ स्थानों पर पहले से मौजूद संरचनाओं को दूसरे निर्माण कार्य के रूप में दर्शाकर राशि का उपयोग किया गया। वहीं कुछ निर्माण ऐसे स्थानों पर कराए जाने का आरोप है, जिनसे ग्रामीणों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है।आवेदन में गंगा जल संवर्धन योजना के तहत सेमर नाला में करीब 24.91 लाख रुपये की लागत से कराए गए तालाब निर्माण को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार बांध में निर्धारित तकनीकी प्रावधानों के अनुरूप मिट्टी का उपयोग नहीं किया गया और वर्षा के दौरान पानी रोकने के बजाय वेस्ट वियर के माध्यम से पानी निकाला गया। शिकायत में इस पूरे कार्य की तकनीकी एवं भौतिक जांच कराने की मांग की गई है।इसके अलावा वर्ष 2016-17 में करीब 14.60 लाख रुपये की लागत से निर्मित तालाब में बांध निर्माण नहीं किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।शिकायत में छौरहा नाला में वर्ष 2022-23 में करीब 22 लाख रुपये की लागत से बनाए गए चेकडेम का भी उल्लेख है। इसमें गेट नहीं लगाए जाने, निर्धारित खुदाई नहीं होने तथा जल संग्रहण नहीं हो पाने का आरोप लगाया गया है।इसी तरह दौरखा नाला के ऊपर करीब 15 लाख रुपये की लागत से चेकडेम निर्माण, उसके समीप करीब 12 लाख रुपये की एक अन्य संरचना, पीपर टोला में तालाब जीर्णोद्धार, साठिया टोला में चेकडेम एवं नाला विस्तारीकरण, स्वागत गेट निर्माण समेत कई कार्यों को शिकायत में जांच के दायरे में लेने की मांग की गई है।आवेदन में वर्ष 2019-20 के मिनी परकुलेशन टैंक, गेवियन स्ट्रक्चर तथा उसके आसपास बनाए गए अन्य मिनी परकुलेशन टैंकों का भी उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि कुछ स्थानों पर एक ही क्षेत्र में एक के नीचे दूसरा निर्माण कर शासकीय राशि का उपयोग किया गया, जिसकी मौके पर जांच किए जाने की जरूरत है।इसके अलावा डुकरीगांव के रास्ते में

आंगन मिलन सेवा से गूंजा सेवा और संवेदना का संदेश

अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'आंगन मिलन सेवा' की अभिनव पहल के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र धुर्वे टोला अमरपुर को गोद लेकर सेवा, पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी से जुड़े बच्चों, माताओं एवं परिवारों के बीच स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता के साथ आत्मीयता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा। इस कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवकों ने नन्हें मुन्ने बच्चों के साथ आत्मीय समय बिताया तथा उन्हें पौष्टिक स्वल्पाहार वितरित किया। बच्चों के शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पठन-पाठन एवं शैक्षणिक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। रासेयो स्वयंसेवकों ने बच्चों को स्वच्छता, पौष्टिक आहार, नियमित अध्ययन और अच्छे संस्कारों के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और पोषण को विशेष प्राथमिकता दी गई। गर्भवती एवं धात्री माताओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व की जानकारी दी गई। इसके साथ ही नवजात शिशुओं की उचित देखभाल, मां के दूध, समय पर टीकाकरण, स्वच्छता एवं पोषण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। रासेयो स्वयंसेवकों ने संदेश दिया कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके स्वस्थ विकास की शुरुआत आंगनबाड़ी के आंगन से होती हैं। वहीं स्वस्थ मां और स्वस्थ नवजात एक स्वस्थ एवं सशक्त परिवार की पहली कड़ी हैं। इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी हैं कि वह बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए अपना योगदान दे। 'आंगन मिलन सेवा' के माध्यम से स्वयंसेवकों ने सेवा को केवल एक गतिविधि न मानकर उसे स्नेह, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का माध्यम बनाया। आंगनबाड़ी को गोद लेने की यह पहल बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के साथ-साथ समुदाय में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और स्वच्छता के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ राम कुमार टेकाम, आशीष कुमार मरावी, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. निधि सिंह एवं कर्मचारीगण ऋचा जंघेला, सुमनला मरावी, कांति धुर्वे, आरती मरावी, सूरजवती, खुशी व्याम सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



हरिभूमि

नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

खबर संक्षेप

एक सप्ताह से नेटवर्क बंद



तेंदूखेड़ा इन दिनों डोभी से लगभग 5 किलोमीटर की दूर स्थित ग्राम इमलिया कढेली में पिछले एक सप्ताह से जियो मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। नेटवर्क नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवा प्रभावित होने से विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई भी बाधित हो रही है। नेटवर्क की समस्या के चलते शासकीय कार्यों के लिए इंटरनेट आधारित सेवाओं का उपयोग करने में भी परेशानी आ रही है। वहीं गांव के व्यापारियों को ऑनलाइन लेन देन सहित अन्य जरूरी कार्यों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो इंटरनेट ठीक से नहीं चल पा रहा है और न ही मोबाइलों पर सही तरीके से बातचीत हो पा रही है। तत्काल प्रभाव से व्यवस्थाओं में सुधार की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है।

संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में नरसिंहपुर जिला उपविजेता



नरसिंहपुर। उच्च शिक्षा विभाग के खेलकूद के अंतर्गत आयोजित संभाग स्तरीय शतरंज महिला प्रतियोगिता में नरसिंहपुर जिला उपविजेता रहा। शासकीय स्नातकोत्तर (पीजी) कॉलेज नरसिंहपुर की महिला टीम ने जिला एवं संभाग दोनों स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया। क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना ने बताया कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जीएस कॉलेज जबलपुर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग के नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, कटनी और डिंडौरी जिलों की टीमों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में छात्रा अनुप्रिया साहू ने अपनी खेल प्रतिभा, रणनीतिक कौशल और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर दूसरी बार विश्वविद्यालय की शतरंज टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

उचित मूल्य दुकान में अनियमितता मिलने पर निलंबन की कार्रवाई

नरसिंहपुर। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जिले के विकासखंड गोटेगांव अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान महिला उपभोक्ता भंडार के संबंध में प्राप्त शिकायत पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, विकासखंड गोटेगांव द्वारा जांच की गई।जांच के दौरान दुकान संचालन में अनियमितताएं पाए जाने के साथ ही खाद्यान्न के स्टॉक में कमी भी पाई गई। जांच के आधार पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार वसूली की कार्रवाई की गई तथा उसे उचित मूल्य दुकान के संचालन कार्य से निलंबित किया गया। साथ ही शासकीय उचित मूल्य दुकान महिला उपभोक्ता भंडार के सुचारू संचालन के लिए इसे जय माता स्व-सहायता समूह, पोनिया-डुंगरिया से संलग्न किया गया है।

गांजा तस्करी में एक आरोपी गिरफ्तार

नरसिंहपुर। ऑपरेशन ईगल के तहत करेली पुलिस ने जीएस गार्डन के सामने न्यू कॉलोनी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 1.2 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इसकी अनुमानित कीमत करीब 15 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने गांजा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जप्त की है। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

तट पर हरियाली के लिए पौधरोपण के साथ वृक्षों की सुरक्षा भी जरूरी

नर्मदा समृद्धि परियोजना के तहत शंकरपुरी सांकल घाट पर हुआ वृहद पौधरोपण

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 5,100 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत शंकरपुरी (सांकल) स्थित नर्मदा समृद्धि परियोजना शंकरपुरी सांकल घाट में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सहभागिता करते हुए पौधरोपण किया गया। इस दौरान 5,100 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर माँ नर्मदा एवं भगवान शिव के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की।







इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि तटीय क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने के लिए शासन एवं जनसमुदाय मिलकर व्यापक स्तर पर पौधरोपण करें और लगाए गए पौधों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। इनसे होने वाली आय का लाभ स्थानीय समुदाय को मिले तथा लोग वृक्षों को बचाने के लिए संकल्पित हों। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का समन्वय कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अधिक से अधिक कार्य किए जाएं। सभी संकल्प लें कि वृक्षों की सेवा, माई की सेवा है। तटों पर हरियाली बढ़ाने के साथ प्राकृतिक पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्री पटेल ने तटों को स्वच्छ व सुंदर रखने पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि तट पर पॉलीथिन एवं पूजन सामग्री न डाली जाए। इसके लिए आवश्यक प्रतिबंध के साथ व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से तटों को स्वच्छ एवं पर्यावरण को संरक्षित रखते हुए मां नर्मदा को अविरल एवं निर्मल बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए।कार्यक्रम में दादा गुरु जी विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल,विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी और नागरिकगण मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि नर्मदा समृद्धि परियोजना का उद्देश्य नर्मदा नदी के संरक्षण के साथ-साथ नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में पर्यावरणीय एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। परियोजना के अंतर्गत तटबंधों का विकास, राइपेरियन जोन का निर्माण, रासायनिक खेती पर रोक तथा आजीविका समूहों के लिए स्थायी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही नर्मदा सेवा समितियों के माध्यम से निगरानी, समुदाय आधारित गतिविधियों के जरिए नर्मदा सेवा तथा स्थानीय पादप प्रजातियों के संरक्षण एवं विकास की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्नत उद्यानिकी पौधों के माध्यम से क्लस्टर विकसित करने की योजना भी परियोजना का हिस्सा है। नर्मदा उत्तर तट पर स्थित शंकरपुरी सांकल घाट में आयोजित यह वृहद पौधरोपण कार्यक्रम नर्मदा संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार और स्थानीय समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

चित्रकला प्रतियोगिता में आयुषी ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया

मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भोपाल में मंगलवार को आयोजित राज्य स्तरीय मेरे सपनों का भारत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में नरसिंहपुर जिले की प्रतिभावान छात्रा आयुषी अहिरवार ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। मुख्यमंत्री ने छात्रा आयुषी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से विद्यार्थियों ने सहभागिता की। उनकी इस उपलब्धि से नरसिंहपुर जिले की शैक्षणिक एवं सृजनात्मक प्रतिभा को प्रदेश स्तर पर नई पहचान मिली है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की सृजनात्मक सोच, कलात्मक प्रतिभा एवं भारत के भविष्य को लेकर उनकी कल्पनाशील अभिव्यक्ति की सराहना की। मेरे सपनों का भारत विषय पर विद्यार्थियों ने अपने सपनों और विकसित भारत की परिकल्पना को चित्रों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नरसिंहपुर जिले में उत्कृष्ट कार्य एवं अभियान की गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

जनगणना नगरीय चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत जिले में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में नगरीय चार्ज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दायित्व, मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग, डेटा की गुणवत्ता, जनगणना प्रबंधन एवं मॉनिटरिंग व्यवस्था तथा मैदानी स्तर पर कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका एवं जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए जिला स्तर से लेकर चार्ज एवं मैदानी स्तर तक बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही जनगणना सामग्री के प्रबंधन, मैदानी कार्यों की निगरानी तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य संपादित करने के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 7 एवं 8 अक्टूबर को ग्रामीण चार्ज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना कार्य के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं एवं अधिकारियों-कर्मचारियों के दायित्वों की जानकारी दी जाएगी।

आयुष विभाग द्वारा आयोजित किए स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले में आयुष विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को आयुष चिकित्सा पद्धतियों एवं योग के प्रति जागरूक किया गया तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर कामोद में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नागरिकों को नियमित योगाभ्यास के महत्व तथा स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जानकारी दी गई। बिछुआ में निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा एवं आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसी प्रकार खड़ई में आयोजित आयुष स्वास्थ्य शिविर में कुल 37 नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य नागरिकों को सहज एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ आयुष चिकित्सा पद्धति, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

नर्सिंग छात्रों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

नर्सिंग विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर नर्सिंग छात्र संगठन (एनएसओ) ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने परीक्षा, परिणाम, छात्रवृत्ति और कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया से जुड़ी समस्याओं के निराकरण की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के कई नर्सिंग विद्यार्थी लंबे समय से परीक्षा और परिणाम की समस्याओं से जूझ रहे हैं। बीएससी नर्सिंग सत्र 2021-22 के विद्यार्थियों की डिग्री अब तक पूरी नहीं हो सकी है। संगठन ने जीएनएम सत्र 2021-22 के फाइनल ईयर तथा बीएससी नर्सिंग सत्र 2021-22 के तृतीय और चतुर्थ वर्ष की लंबित परीक्षाएं जल्द कराने की मांग की। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य मालवीय ने बताया कि पात्र एससी, एसटी और ओबीसी विद्यार्थियों की लंबित छात्रवृत्ति जारी की जाए। साथ ही ईडब्ल्यूएस और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू करने की मांग की गई। नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और व्यवस्था की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है।

सर्व ब्राह्मण सभा ने की मंत्री प्रहलाद पटेल से भेंट



गोटेगांव। सर्व ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट कर परशुराम भवन के आगामी लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर चर्चा की।पदाधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि परशुराम भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित भवन समाज की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, वैवाहिक एवं नर्मदा परिक्रमा सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि सामाजिक भवनों के माध्यम से युवाओं को सही दिशा और मंच मिलता है। उन्होंने लोकार्पण कार्यक्रम में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर रामस्नेही पाठक, सतनारायण मिश्रा, नंदराम पाठक, संतोष कुमार दुबे, हरनारायण तिवारी, आशीष दुबे, सुरेंद्र दुबे, रामकिशोर दीक्षित, विक्की तिवारी सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे।

एसडीएम ने अधिवक्ता को बताया बिचौलिया, वकीलों ने किया बहिष्कार



गोटेगांव। नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में मंगलवार को एसडीएम पूजा सोनी और अधिवक्ताओं के बीच विवाद हो गया। अधिवक्ता भगवत सिंह किसी परिचित के जाति प्रमाण पत्र के सिलसिले में एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि एसडीएम ने उन्हें शाम 5:30 बजे आने के लिए कहा था। निर्धारित समय पर पहुंचने के बाद किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि एसडीएम ने अधिवक्ता को बिचौलिया कह दिया। इसके बाद एसडीएम कार्यालय में मामला गरमा गया। जानकारी मिलने पर एडवोकेट संघ अध्यक्ष मनीष अंगिरा के नेतृत्व में अधिवक्ता मौके पर पहुंचे और एसडीएम के व्यवहार पर आपत्ति जताई। अध्यक्ष मनीष अंगिरा ने कहा कि अधिवक्ता के सम्मान के खिलाफ इस तरह का व्यवहार स्वीकार नहीं किया जाएगा। विवाद के बाद अधिवक्ताओं ने एसडीएम पूजा सोनी का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। वहीं, एसडीएम ने अपने पक्ष में कार्यालयीन कार्य के दौरान बातचीत को लेकर विवाद की स्थिति बनने की बात कही।

गरबा पंडालों में अश्लील गानों पर प्रतिबंध की मांग



गोटेगांव। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने मंगलवार को गोटेगांव थाना में नवरात्रि में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव को लेकर विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में मुख्य रूप से मांग की गई कि गरबा पंडालों में अश्लील गानों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहे, गरबा महोत्सव में गैर हिंदुओं को प्रवेश की अनुमति न दी जाए तथा दुर्गा विसर्जन के दौरान भी डीजे पर अश्लील गाने न बजाए जाएं।इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के विधानसभा अध्यक्ष देवदत्त सोनी (राजा भैया), राष्ट्रीय बजरंग दल के विधानसभा अध्यक्ष राजा पटेल, विधानसभा महामंत्री बृजेश पटेल, नगर अध्यक्ष लोकेश दुबे सहित सभी कार्यकर्ता एवं जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बीपीएमयू की बैठक में की गई बिंदुवार समीक्षा



तेंदूखेड़ा। विगत दिवस जनपद शिक्षा केंद्र चांवरपाठा में बीपी एमयू की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बीआरसी द्वारा उपस्थित जनशिक्षकों प्रधान पाठकों को निर्माण कार्य से संबंधित अधिकारियों से विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं पोर्टल संबंधी कार्यों तथा निर्माण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में गणवेश हेतु बच्चों के खातों का शतप्रतिशत सत्यापन साइकिल हेतु पात्र छात्र छात्राओं की डिमांड शत प्रतिशत पाठ्य पुस्तक वितरण तथा मेंटरिंग विजिट की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही मध्याह्न भोजन की दैनिक एवं मासिक रिपोर्टिंग रसोइयों के आधार नंबर एवं बैंक खातों को लिंक करने संबंधी कार्यों की जानकारी ली गई।इसी क्रम में एजुकेशन पोर्टल पर कक्षा 5 से उत्तीर्ण होकर कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की ट्रांजिशन लॉस के तहत मैपिंग चाइल्ड ट्रैकिंग एवं ड्रॉपबॉक्स में लंबित सर्वे कार्य की पेंडेंसी और पूर्णता की समीक्षा की गई। शाला प्रोफाइल शिक्षक प्रोफाइल एवं स्टूडेंट प्रोफाइल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने तथा अपार आई डी की प्रगति की भी जानकारी ली गई।

निर्माण कार्यों की भी हुई समीक्षा

बैठक में प्रधान पाठकों से नवीन अतिरिक्त कक्ष एवं नवीन बालिका शौचालय निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। निर्माण कार्यों से संबंधित माप पुस्तिका चार जियोटैग फोटोग्राफ कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र किश्तों में प्राप्त राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एस एम सी सदस्यों की सूची प्राप्त एवं व्यय राशि का लेखा जोखा बैंक स्टेटमेंट एस एम सी बैठक का प्रस्ताव तथा खसरा नक्शा आदि अभिलेखों की जानकारी ली गई।बीआरसी सुनील श्रीवास्तव ने सभी संबंधित जनशिक्षकों एवं प्रधान पाठकों को निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर आवश्यक जानकारी एवं अभिलेख उपलब्ध कराएं। बैठक में जनशिक्षक एवं प्रधान पाठक सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी भी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

ले आउट के पूर्व ही चार लाख रुपए निकाल कर ले गया सचिव

ग्राम पंचायत भामा का मामला, जांच दल गठित कर रहा पड़ताल

तेंदूखेड़ा

इन दिनों चांवरपाठा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों में तरह तरह की शिकवा शिकायतें और आर्थिक आहरण के मामलें सामने आ रहे हैं।हाल ही में ग्राम पंचायत भामा के सचिव का स्थानांतरण हुआ है।काफी लंबे समय से जमे बैठे सचिव महोदय को जाने के बाद जब ग्राम सभा में ग्राम के लोगों ने ग्राम पंचायत की सरपंच से जानकारी मांगी तो उन्होंने अपनी अनभिज्ञता जताते हुए स्पष्ट किया कि उन्हें राशि किस मद में कब कहां निकाली मुझे मालूम नहीं और कितने काम हुये यह भी पता नहीं। ग्राम पंचायत के उपसरपंच ने जब पंचायत दर्पण में पूरा ब्यौरा देखा तो सभी ग्राम पंचायत सदस्य और ग्रामीण आश्चर्य चकित रह गए।जो काम हुये ही नहीं उनकी भी राशि निकली हुई है। यहां तक कि हाल ही में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के माध्यम से सामुदायिक भवन हेतु 25 लाख रुपए की सौगात दी गई है।अभी भवन निर्माण का काम शुरू ही नहीं हुआ ले आउट तक नहीं हुआ और स्थानांतरण के साथ सचिव महोदय 4 लाख रुपए निकाल कर ले गये हैं। जबकि विधायक निधि से बन रही सड़क की राशि में से 5 लाख रुपए भी सड़क निर्माण कार्य में लगाये गये हैं।

जनपद पंचायत के सीईओ को सौंपी गई शिकायत

जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भामा में विकास कार्यों और विभिन्न वित्तीय मदों में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता और फर्जीवाड़े का गंभीर मामला सामने आने के बाद है ग्राम पंचायत के सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर जनवरी 2023 से 15 अगस्त 2026 तक के संपूर्ण वित्तीय लेन-देन की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

पोर्टल से हुआ खुलासा लगभग तीस लाख की राशि संदिग्ध- शिकायतकर्ताओं के अनुसार पंचायत दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध जानकारियों का अवलोकन करने पर कई भुगतानों और राशि के नियम विरुद्ध आहरण की आशंका गहरी हो गई है। पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक लगभग 30 लाख रुपए की राशि के संदिग्ध और अनियमित आहरण का अंदेशा जताया गया है। वास्तविक राशि का सही आंकड़ा विस्तृत जांच और अभिलेखों के भौतिक सत्यापन के बाद ही सामने आ सकेगा।

धरातल पर कार्य अधूरे वेंडरों को हो चुका है भुगतान- आवेदन में मुख्य रूप से गंभीर बिंदु उठाए गए हैं। जिसमें फर्जी बिल और वाउचर 5वें वित्त आयोग 15वें वित्त आयोग सांसद निधि विधायक निधि एवं अन्य प्राप्त निधियों के नियमों की अनदेखी कर फर्जी बिल व वाउचर लगाकर राशि आहरण करने की आशंका है। टाइड और अनटाइड मद की राशि को कार्ययोजना के विपरीत खर्च किया गया है। अपूर्ण कार्य और भुगतान आरोप है। कि कई वेंडरों के नाम पर राशि का भुगतान कर दिया गया है।जबकि संबंधित निर्माण कार्य धरातल पर पूर्ण ही नहीं हुए हैं। स्वच्छता और नल-जल योजना में गड़बड़ी स्वच्छता एवं नल-जल योजना के नाम पर भारी राशि आहरित की गई है। जबकि मैदानी स्तर पर नल-जल व्यवस्था पूरी तरह विफल और अधूरी है।

ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी- शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और मूल बिल वाउचर माप पुस्तिका कार्यादेश तथा कार्यपूर्णता प्रमाण-पत्रों का भौतिक मिलान किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही वित्तीय अनियमितता और शासकीय राशि के दुरुपयोग को लेकर दोषियों पर वैधानिक एवं विभागीय कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

इनका कहना है

इस मामले को लेकर एक विशेष जांच दल गठित किया गया है। जिसमें एस डी ओ अनुपम मेहरा करेली को जांच दल प्रमुख बनाया गया है।एपीओ चांवरपाठा के साथ मनरेगा और उपयंत्री को शामिल किया गया है। चूंकि चार पांच साल का पूरा हिसाब किताब देखने में समय लगेगा और पूरी सूक्ष्मता से जांच की जा रही है।अभी एक बार जांच दल भामा घूम आया है अब पुनः शीघ्र ही जाने वाले हैं।

अजय द्विवेदी ए पी ओ
जनपद पंचायत चांवरपाठा